KHAN GLOBAL STUDIES
KGS Campus, Sai Mandir, Musallahpur Hatt, Patna - 6
Mob : 8877918018, 875735880

**1Q. G-20 भूमिका, उददेश्य, हालिया बैठक एवं भारत की अध्यक्षता।**

# BPSC - Mentorship — Polity MCQ - 28

**1.** निम्न कथनों पर विचार कीजिये-
**कथन (A)** स्थानीय स्तर पर ग्रामीण मामलों के प्रबन्ध में राजनीति का अन्त: खेल कम हो गया है।
**कारण (R)** संविधान के 73 वें संशोधन के द्वारा ग्रामीण स्थानीय शासन संस्थाओं का पुनरूत्थान हो गया है।
नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर अपना उत्तर चुनिए-
**कूट-**
(A) दोनों A और R सही हैं और R, A सही स्पष्टीकरण है।
(B) दोनों A और R सही हैं परन्तु R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है।
(C) A सही है, परन्तु R गलत है।
(D) A गलत है, परन्तु R सही है।

**2.** पंचायत समिति के सदस्य-
(A) जनता द्वारा प्रत्यक्ष रूप से चुने जाते हैं ।
(B) पंचायत के सदस्यों द्वारा चुने जाते हैं।
(C) जिलाधिकारी द्वारा मनोनीत किये जाते हैं।
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**3.** पंचायती राज को संवैधानिक स्थिति प्रदान करने की संस्तुति निम्न में से किस कमेटी द्वारा की गई थी ?
(A) एल.एम. सिंघवी कमेटी
(B) बलवन्त राय मेहता कमेटी
(C) राव कमेटी
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**4.** निम्नलिखित क्षेत्रों में से किस एक में राज्य सरकार का स्थानीय इकाइयों (Local Bodies) पर नियंत्रण नहीं होता?
(A) नागरिकों की शिकायतें (B) आर्थिक मामले
(C) विधि-निर्माण
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**5.** मनरेगा कार्यक्रम निम्नलिखित में से भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद को लागू करने हेतु लाया गया है?
(A) अनुच्छेद 43
(B) अनुच्छेद 45
(C) अनुच्छेद 47
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**6.** एक क्षेत्र पंचायत का क्षेत्र निर्धारित किया जाता है-
(A) राज्य चुनाव आयोग द्वारा (B) राज्य सरकार द्वारा
(C) मण्डल के आयुक्त द्वारा
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**7.** पंचायती राज की 3-स्तरीय प्रणाली में आते हैं-
(A) ग्राम पंचायत, पंचायत समिति, जिला परिषद
(B) ग्राम पंचायत, ब्लॉक समिति, जिला परिषद
(C) ब्लॉक समिति, जिला परिषद, पंचायत समिति
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**8.** पंचायती राज का मुख्य उद्देश्य क्या है?
(A) कृषि उत्पादन को बढ़ाना
(B) रोजगार बढ़ाना
(C) लोगों को विकासमूलक प्राशासन में भागीदारी के योग्य बनाना
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**9.** सफलतापूर्वक कार्य हेतु पंचायत राज को पूरे सहयोग की जरूरत पड़ती है -
(A) स्थानीय जनता की (B) केंद्रीय सरकार की
(C) नौकरशाही की
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**10.** ब्लॉक स्तर पर पंचायत समिति है-
(A) परामर्शदात्री निकाय (B) प्रशासनिक प्राधिकरण
(C) परामर्शीय समिति
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**11.** जिला आयोजन समिति में निर्वाचित व पदेन सदस्य कितने होते हैं?
(A) 20 और 3 (B) 20 और 10
(C) 20 और 5
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**12.** पंचायत समिति के सदस्य का कार्यकाल होता है।
(A) 1 वर्ष (B) 6 वर्ष
(C) 5 वर्ष
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**13.** निम्नलिखित में से कौन राज्य सरकार तथा स्थानीय शासन के बीच राजस्व बंटवारे के लिए उत्तरदायी है?
(A) मुख्यमंत्री
(B) राज्यपाल
(C) राज्य वित्त आयोग
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**14.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित किजिए तथा नीचे दिए गये कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए-

| | **सूची-I ( समितियां )** | **सूची-II ( सुझाव )** |
|---|---|---|
| a) | बलवंतराय मेहता | I) द्वि-स्तरीय पद्धति |
| b) | अशोक मेहता | II) त्रि-स्तरीय पद्धति |
| c) | एल. एम. सिंघवी | III) प्रतिनिधित्व के तरीके में सुधार |
| d) | जी.वी.आर. राव | IV) स्थानीय स्वशासन पद्धति |

| | **a** | **b** | **c** | **d** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | I | II | III | IV |
| (B) | IV | III | II | I |
| (C) | II | I | IV | III |
| (D) | III | IV | I | II |

**15.** निम्नलिखित में से कौन पंचायतों की वित्तीय स्थिति का पुनर्विलोकन करने के लिए 'वित्त आयोग' का गठन करता है?
(A) संबंधित राज्य का मुख्यमंत्री
(B) संबंधित राज्य का वित्त मंत्री
(C) संबंधित राज्य का राज्यपाल
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**16.** संविधान के अंतर्गत पंचायतों में महिलाओं के एक-तिहाई प्रतिनिधित्व की गारंटी कौन सा अनुच्छेद देता है ?
(A) अनुच्छेद 243 ग (B) अनुच्छेद 243 ज
(C) अनुच्छेद 243 घ
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**17.** निम्नलिखित में से कौन 'तृण मूल लोकतंत्र' (Grass Root Democracy) से संबंधित है?
(A) लोकपाल (B) पंचायती राज पद्धति
(C) अंतर-राज्य परिषद
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**18.** राज्य वित्त आयोग है, एक :
(A) विधिक संस्था
(B) असांविधिक संस्था
(C) संवैधानिक संस्था
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**19.** निम्नलिखित में से कौन पंचायतों की संरचना के बाबत उपबन्ध करने को अधिकृत है ?
(A) राज्य का राज्यपाल
(B) राज्य का विधान मण्डल
(C) भारत की संसद
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**20.** पंचायत चुनावों में अनुसूचित जातियों के लिये पदों का आरक्षण किस राज्य में लागू नहीं होगा ?
(A) उत्तर प्रदेश (B) असम
(C) अरुणाचल प्रदेश
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**21.** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 243 (ZJ) के अनुसार सहकारी समिति के निदेशकों की अधिकतम संख्या हो सकती है :
(A) 21 (B) 15
(C) 11
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**22.** निम्नलिखित में से किसे भारत में 'स्थानीय स्वायत्त शासन' का जनक माना जाता है?
(A) लॉर्ड डलहौजी (B) लॉर्ड कैनिंग
(C) लॉर्ड कर्जन
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**23.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
1. किसी भी व्यक्ति के लिए पंचायत का सदस्य बनने के लिए न्यूनतम निर्धारित आयु 25 वर्ष है।
2. पंचायत के समयपूर्व भंग होने के पश्चात पुनर्गठित पंचायत केवल अवशिष्ट समय के लिए ही जारी रहती है।
उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा /से सही है/हैं?
कूट :
(A) केवल 1 (B) केवल 2
(C) 1 और 2 दोनों
(D) न तो 1 न ही 2

**24.** महिलाओं को पंचायतों में आरक्षण भारत के संविधान के किस संशोधन द्वारा दिया गया है ?
(A) 77 वाँ संशोधन (B) 75वाँ संशोधन
(C) 74वाँ संशोधन
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**25.** 'ग्राम न्यायालय अधिनियम' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
1. इस अधिनियम के अनुसार ग्राम न्यायालय केवल सिविल मामलों की सुनवाई कर सकता है, आपराधिक मामलों की नहीं
2. वह अधिनियम स्थानीय सामाजिक सक्रियतावादियों को मध्यस्थ/सुलहकर्ता के रूप में स्वीकार करता है।
नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए
कूट :
(A) केवल 1 (B) 1 और 2 दोनों
(C) केवल 2
(D) न तो 1 न ही 2

## ANSWER KEY

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 01. (A) | 02. (A) | 03. (A) | 04. (A) | 05. (A) |
| 06. (B) | 07. (A) | 08. (C) | 09. (A) | 10. (B) |
| 11. (C) | 12. (C) | 13. (C) | 14. (C) | 15. (C) |
| 16. (C) | 17. (B) | 18. (C) | 19. (B) | 20. (C) |
| 21. (A) | 22. (E) | 23. (B) | 24. (E) | 25. (C) |

# BPSC Mentorship
# Economics - MCQ (28)

**1.** भारत की पहल पर वर्ष 2023 को अन्तर्राष्ट्रीय श्री अन्न वर्ष (Inter& national Year of Millets) संयुक्त राष्ट्र संघ ने घोषित किया है. भारत के किस राज्य में श्री अन्न (मोटे अनाजों) का सर्वाधिक उत्पन्न होता है-
(A) राजस्थान
(B) झारखण्ड
(C) तमिलनाडु
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**2.** आम नागरिकों को छोटे शहरों के बीच सस्ती कीमतों पर हवाई यात्रा सुलभ कराने के लिए 'उड़ान' योजना की शुरूआत नागरिक उड्डयन मन्त्रालय द्वारा की गई थी. इस योजना का कौन सा चरण अप्रैल 2023 में शुरू हुआ है ?
(A) तीसरा (B) चौथा
(C) पाँचवाँ
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**3.** भारत के किस शहर में 'वाटर मेट्रो' सेवा सर्वप्रथम प्रारम्भ की गई है ?
(A) तिरुअनंतपुरम (B) कोच्चि
(C) कोलकाता
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**4.** भारत के किस शहर में 'अंडर वाटर मेट्रो रेल' का संचालन अप्रैल 2023 में शुरू हुआ है ?
(A) तिरुअनंतपुरम (B) कोच्चि
(C) कोलकाता
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**5.** इंडियन इंस्टीट्यूड ऑफ फॉरेन ट्रेड कहाँ स्थित है ?
(A) नई दिल्ली (B) मुम्बई
(C) कोलकाता
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**6.** अप्रैल 2023 में मौद्रिक नीति की 2023-24 की पहली 'द्वैमासिक समीक्षा में रेपो दर में कितने प्रतिशत बिन्दु की वृद्धि की गई है' ?
(A) 0.25 प्रतिशत
(B) 0.50 प्रतिशत
(C) 0.60 प्रतिशत
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**7.** अप्रैल 2023 के अन्त में भारत में बैंकों के लिए रिवर्स रेपो दर कितने प्रतिशत थी ?
(A) 3.35 प्रतिशत
(B) 4:35 प्रतिशत
(C) 5.50 प्रतिशत
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**8.** वरिष्ठ नागरिकों के लिए 5 वर्षीय बचत योजना के तहत् कितने प्रतिशत की वार्षिक ब्याज अप्रैल 2023 में निर्धारित की गई है ?
(A) 6.2 प्रतिशत
(B) 7.2 प्रतिशत
(C) 8.2 प्रतिशत
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**9.** पब्लिक प्रोविडेंट फण्ड (PPF) के तहत् कितने प्रतिशत वार्षिक ब्याज देय है ?
(A) 6.1 प्रतिशत (B) 7.1 प्रतिशत
(C) 8.1 प्रतिशत
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**10.** निम्नलिखित में से किस बचत योजना के तहत् विगत तीन वर्षों से ब्याज दर में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है ?
(A) पब्लिक प्रॉविडेंट फण्ड (PPF)
(B) राष्ट्रीय बचत पत्र (NSC)
(C) किसान विकास पत्र
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**11.** फोर्ब्स की अरबपतियों की वर्ष 2023 की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज के मुकेश अम्बानी को सबसे धनी भारतीय बताया गया है. इस सूची के अनुसार दूसरे सबसे धनी भारतीय कौन हैं ?
(A) गौतम अडानी (B) शिव नडार
(C) राधा कृष्ण दमानी
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**12.** फोर्ब्स के उपर्युक्त आकलन में सबसे धनी भारतीय महिला किसे बताया गया है ?
(A) किरण मजूमदार शॉ
(B) रोशनी नडार
(C) सावित्रि जिन्दल
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**13.** वाणिज्य मन्त्रालय के अनंतिम आँकड़ों के अनुसार 2022-23 के दौरान भारत से सर्वाधिक मूल्य के निर्यात निम्न-लिखित में से किसके रहे हैं ?

(A) रत्न एवं आभूषण (B) इंजीनियरिंग का सामान
(C) हस्तशिल्प की वस्तुएँ
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**14.** विश्व बैंक ने भारत में 2023-24 में आर्थिक वृद्धि दर के अपने पूर्वानुमान में कटौती अप्रैल 2023 में की है. ताजा रिपोर्ट के अनुसार अब 2023-24 में भारत में वृद्धि कितने प्रतिशत रहने का विश्व बैंक का अनुमान है ?

(A) 6.3 प्रतिशत (B) 6.8 प्रतिशत
(C) 7.3 प्रतिशत
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**15.** 2023-24 में भारत में जीडीपी में वृद्धि कितने प्रतिशत रहने का भारतीय रिजर्व बैंक का ताजा पूर्वानुमान है ?

(A) 6.5 प्रतिशत (B) 7.0 प्रतिशत
(C) 7.5 प्रतिशत
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**16.** महिलाओं में बचत की आदत को बढ़ावा देने के लिए एक नई महिला सम्मान बचत पत्र योजना सरकार द्वारा अप्रैल 2023 से ही शुरू की गई है इस योजना के तहत् कितने प्रतिशत की वार्षिक ब्याज दिया जाएगा ?

(A) 6.5 प्रतिशत (B) 7.0 प्रतिशत
(C) 7.5 प्रतिशत
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**17.** 'महिला सम्मान बचत पत्र' योजना के तहत् कितनी नियत अवधि के लिए जमा स्वीकार की जाती है ?

(A) 1 वर्ष (B) 2 वर्ष
(C) 5 वर्ष
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**18.** वाणिज्य मन्त्रालय के अनंतिम आँकड़ों के अनुसार 2022-23 में भारत के कुल निर्यात (वस्तुगत निर्यात व सेवा निर्यात) लगभग कितने रहे हैं ?

(A) 470 अरब डॉलर (B) 570 अरब डॉलर
(C) 770 अरब डॉलर
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**19.** अग्रलिखित में से किसके विदेशी व्यापार में व्यापार शेष भारत के अनुकूल रहता है ?.

(A) वस्तुगत व्यापार
(B) सेवाओं का व्यापार
(C) उपर्युक्त दोनों
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**20.** भारत की नई विदेशी व्यापार नीति (2023) में 2030 तक भारत के कुल निर्यात कितने प्राप्त करने का लक्ष्य है ?

(A) 1000 अरब डॉलर (B) 1500 अरब डॉलर
(C) 2000 अरब डॉलर
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**21.** वित्त मन्त्रालय के ताजा आँकडों के अनुसार दिसम्बर 2022 के अन्त में भारत पर बाह्य ऋण कितना था ?

(A) 513 अरब डॉलर (B) 613 अरब डॉलर
(C) 713 अरब डॉलर
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**22.** दिसम्बर 2022 के अन्त में भारत पर बकाया बाह्य ऋण में रियायती ऋण का भाग लगभग कितने प्रतिशत था ?

(A) 8 प्रतिशत (B) 18 प्रतिशत
(C) 28 प्रतिशत
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**23.** दिसम्बर 2022 के अन्त में भारत पर बकाया बाह्य ऋण में अल्पकालिक ऋण का भाग कितने प्रतिशत था ?

(A) 6 प्रतिशत (B) 11 प्रतिशत
(C) 21 प्रतिशत
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**24.** भारतीय रिजर्व बैंक के पास आरक्षित विदेशी मुद्रा कोष मार्च 2023 के अन्त में लगभग कितनी राशि के थे ?

(A) 478 अरब डॉलर (B) 578 अरब डॉलर
(C) 678 अरब डॉलर
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**25.** विश्व बैंक के लॉजिस्टिक निष्पादन इंडेक्स (2023) की दृष्टि से लॉजिस्टिक्ड निष्पादन के मामले में 139 देशों में कौन सा स्थान भारत का रहा है ?

(A) 38वाँ (B) 58वाँ
(C) 78वाँ
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

## ANSWER KEY

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 01. (A) | 02. (C) | 03. (B) | 04. (C) | 05. (A) |
| 06. (C) | 07. (A) | 08. (C) | 09. (B) | 10. (A) |
| 11. (A) | 12. (C) | 13. (B) | 14. (A) | 15. (A) |
| 16. (C) | 17. (B) | 18. (C) | 19. (B) | 20. (C) |
| 21. (B) | 22. (A) | 23. (C) | 24. (B) | 25. (A) |

# BPSC Mentorship
# Current Affairs - MCQ (28)

**1.** फरवरी 2023 में 'शंघाई सहयोग संगठन' के 'शीर्ष लेखापरीक्षा संस्थानों की छठी बैठक' कहाँ आयोजित की गयी थी?
(a) जयपुर (b) भोपाल
(c) चेन्नई (d) लखनऊ

**2.** हाल ही में चर्चा में रहा 'गोड्डा बिजली संयंत्र' किस राज्य में स्थित है?
(a) असम (b) पश्चिम बंगाल
(c) झारखंड (d) तेलंगाना

**3.** हाल ही में प्रधानमंत्री द्वारा HAL की एक 'हेलीकॉप्टर फैक्ट्री, जोकि भारत की सबसे बड़ी हेलीकॉप्टर निर्माण सुविधा है, का किस राज्य में लोकार्पण किया गया था?
(a) तमिलनाडु (b) गुजरात
(c) कर्नाटक (d) ओड़िसा

**4.** हाल ही में भारतीय संगीतकार 'रिकी केज' ने अपने किस एल्बम के लिए 65वें वार्षिक ग्रैमी अवार्ड्स में ग्रैमी पुरस्कार जीता है?
(a) विंड्स ऑफ समसारा
(b) डिवाइन टाइड्स
(c) न्यू एज एल्बम
(d) वीमेन ऑफ दा रिकोर्ड

**5.** निम्नलिखित में किस राज्य / केन्द्रशासित प्रदेश ने फरवरी 2023 में 'ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन' के तत्वाधान में आयोजित 'नेशनल बीच सॉकर चौम्पियनशिप' जीती थी?
(a) पंजाब (b) केरल
(c) दिल्ली (d) उत्तराखंड

**6.** 'एशियाई फुटबॉल परिसंघ' के अनुसार निम्नलिखित में से कौन सा देश प्रथम बार वर्ष 2027 के 'एशियाई राष्ट्र कप की मेजबानी करेगा?
(a) सऊदी अरब (b) संयुक्त अरब अमीरात
(c) भारत (d) बांग्लादेश

**7.** फरवरी 2023 तक अद्यतन आंकड़ों के अनुसार निम्नलिखित में से किस ग्रह के सर्वाधिक प्राकृतिक उपग्रह हैं?
(a) शनि (b) बृहस्पति
(c) अरुण (d) वरुण

**8.** हाल ही में चर्चा में रहे 'इरुला समुदाय' के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
1. इस समुदाय के लोग मुख्यता उत्तर-पूर्वी भारत में निवास करते हैं।
2. यह समुदाय विशेष रूप से कमजोर जनजातीय स्वदेशी समुदायों में से एक है। समूह' (PVTG) हैं, जो भारत के सबसे पुराने
उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**9.** हाल ही में संत 'गुरु रविदास' की जयंती मनाई गई, इनके सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
1. ये 15वीं शताब्दी के संत और भक्ति आंदोलन के प्रमुख सुधारकों में से थे।
2. इसकी कविताओं को सिखों के धार्मिक ग्रंथ 'गुरु ग्रंथ साहिब' में भी शामिल किया गया था।
उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**10.** निम्नलिखित में से किस आयोग/संस्था ने फरवरी 2023 में 'बाल मित्र' नामक एक व्हाट्सएप चौटबॉट लॉन्च किया था?
(a) दिल्ली बाल अधिकार संरक्षण आयोग
(b) राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग
(c) महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
(d) उत्तर प्रदेश सरकार

**11.** हाल ही में चर्चा में रहा 'गजियांटेप कैसल' किस देश में स्थित है?
(a) युक्रेन (b) मंगोलिया
(c) मिस्र (d) तुर्की (तुर्किये)

**12.** हाल ही में चर्चा में रहे 'स्वराज' धारावाहिक के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
1. यह 75 कड़ियों का धारावाहिक है।
2. यह धारावाहिक स्वतंत्रता सेनानियों और स्वतंत्रता संग्राम के गुमनाम नायकों के योगदान को प्रदर्शित करता है।
उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

**13.** भारत में निम्नलिखित में से किस ऑपरेशन के तहत भूकंप से प्रभावित तुर्किए में राहत अभियान चलाया था?
(a) ऑपरेशन गंगा
(b) ऑपरेशन दोस्त
(c) ऑपरेशन सद्भावना
(d) ऑपरेशन नन्हे फ़रिश्ते

**14.** निम्नलिखित में से किस भारतीय कंपनी को अमेरिकी स्थित 'एसोसिएशन फॉर टैलेंट डेवलपमेंट' ने 'एटीडी बेस्ट अवार्ड्स-2023' से सम्मानित किया है।
(a) भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण लिमिटेड
(b) भारत डायनेमिक्स लिमिटेड
(c) भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड
(d) राष्ट्रीय तापविद्युत निगम लिमिटेड

**15.** निम्नलिखित में से किसने मातृभूमि इंटरनेशनल फेस्टिवल ऑफ लेटर्स (MBIFL 2023) के चौथे संस्करण में मातृभूमि बुक ऑफ द ईयर पुरस्कार जीता है?
(a) अप्सरा अय्यर
(b) डॉ. पैगी मोहन
(c) श्री वडिवेल गोपाल
(d) श्री मासी सदाइयां

**16.** निम्नलिखित में से किस भारतीय अमेरिकी को-फरवरी 2023 में 'हार्वर्ड लॉ स्कूल' में 'हार्वर्ड लॉ रिव्यू का अध्यक्ष' चुना गया है?
(a) अप्सरा अय्यर (b) डॉ. पैगी मोहन
(c) श्री वडिवेल गोपाल (d) श्री मासी सदाइयां

**17.** हाल ही में केंद्र सरकार ने 'पीएम कुसुम योजना' की अवधि मार्च 2026 तक बढ़ा दी है। इस योजना को किस वर्ष शुरू किया गया था?
(a) वर्ष 2017 में (b) वर्ष 2018 में
(c) वर्ष 2019 में (d) वर्ष 2020 में

**18.** हाल ही में चर्चा में रहा पुरास्थल 'कीलाड़ी' (Keeladi) सम्बधित है-
(a) हड़प्पा सभ्यता से (b) महाजनपद काल से
(c) संगम काल से (d) गुप्त काल से

**19.** निम्नलिखित में से किस रचना हेतु 'रस्किन बॉन्ड' को 'गोल्डन बुक अवार्ड्स 2023' से सम्मानित किया गया था?
(a) फैंटास्टिक बीस्ट्स: द सीक्रेट्स ऑफ डंबलडोर
(b) एनर्जाइज योर माइंड ए मोंक्स गाइड टू माइंडफुल लिविंग
(c) हाउ टू लिव योर लाइफ
(d) द डॉल्फिन एंड द शार्क: स्टोरीज ऑन एंटरप्रेन्योरशिप

**20.** फरवरी 2023 में किस देश ने अपने क्वाड पार्टनर्स ऑस्ट्रेलिया, भारत और जापान के साथ मिलकर जिम्मेदार साइबर आदतों को बढ़ावा देने के लिए श्क्वाड साइबर चौलेंज लॉन्च किया था?
(a) संयुक्त राज्य अमेरिका (b) रूस
(c) संयुक्त अरब अमीरात (d) इजराइल

**21.** फरवरी 2023 में खाद्य और कृषि संगठन कॉर्पोरेट सांख्यिकीय डेटाबेस (FAOSTAT) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार निम्नलिखित में से कौन सा देश विश्व का सबसे अधिक दुग्ध उत्पादक देश है?
(a) कनाडा
(b) संयुक्त राज्य अमेरिका
(c) भारत
(d) चीन

**22.** निम्नलिखित में से कौन सी कम्पनी 'बार्ड' (Bard) नामक AI चौटबॉट विकसित किया है / कर रही है?
(a) Open Al (b) मेटा
(c) माइक्रोसॉफ्ट (d) गूगल

**23.** फरवरी 2023 में निम्नलिखित में से किस देश के 'क्रिकेट एसोसिएशन' ने पूर्व भारतीय क्रिकेटर 'मोंटी देसाई' को अपनी 'राष्ट्रीय क्रिकेट टीम' का मुख्य कोच नियुक्त किया है?
(a) अफगानिस्तान
(b) भारत
(c) नेपाल
(d) बांग्लादेश

**24.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
1. 'वंदे भारत रेलगाड़ियां' भारत की पहली स्वदेशी सेमी हाई-स्पीड रेलगाड़ियां हैं।
2. 'उत्तर प्रदेश' देश का पहला राज्य है जहां दो अंतर-राज्यीय वंदे भारत रेल सेवाएं हैं।
उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**25.** 'उत्तर प्रदेश वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन-2023' के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
1. इसका आयोजन प्रदेश के राजधानी शहर 'लखनऊ' में किया गया था।
2. इस सम्मेलन में प्रदेश को 30 लाख करोड़ रुपए से अधिक का निवेश प्राप्त हुआ है।
उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

## ANSWER KEY

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 01. (d) | 02. (c) | 03. (c) | 04. (b) | 05. (b) |
| 06. (a) | 07. (b) | 08. (b) | 09. (c) | 10. (a) |
| 11. (d) | 12. (c) | 13. (b) | 14. (d) | 15. (b) |
| 16. (a) | 17. (c) | 18. (c) | 19. (c) | 20. (a) |
| 21. (c) | 22. (d) | 23. (c) | 24. (a) | 25. (c) |

KHAN GLOBAL STUDIES
KGS Campus, Sai Mandir, Musallahpur Hatt, Patna - 6
Mob : 8877918018, 875735880

# BPSC - Mentorship
## Current Affairs Capsule-28

## 5 फरवरी

### *याया त्सो झील*

- हाल ही में याया त्सो झील को चुमाथांग गाँव की पंचायत जैवविविधता प्रबंधन समिति ने सिक्योर हिमालय परियोजना **(The SECURE Himalaya Project)** के साथ मिलकर जैवविविधता अधिनियम के तहत लद्दाख का पहला 'जैवविविधता विरासत स्थल' घोषित किया।
- यह झील लद्दाख में **4,820 मीटर** की ऊँचाई पर स्थित है। यहाँ बड़ी संख्या में बार-हेडेड गूज, काली गर्दन वाली क्रेन और ब्राह्मणी बत्तख जैसे पक्षियों तथा जानवरों का आवास है। यह भारत में काली गर्दन वाले क्रेन के उच्चतम प्रजनन स्थलों में से एक है।
- **'सिक्योर हिमालय परियोजना'** भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की योजना है जिसे UNDP के सहयोग से वर्ष 2017 में प्रारंभ किया गया था। यह **एक 6 वर्षीय परियोजना** है तथा वर्ष 2023 तक कार्यरत रहेगी।
- इस परियोजना के अंतर्गत 4 हिमालयी राज्य जम्मू-कश्मीर (अब केंद्रशासित प्रदेश), हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और सिक्किम आते हैं।

### *कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश*

- भारतीय संविधान के **अनुच्छेद 223** द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए, राष्ट्रपति ने दिनांक **04.02.2023** की अधिसूचना द्वारा, राजस्थान, **पटना** और मणिपुर के उच्च न्यायालयों के निम्नलिखित वरिष्ठतम न्यायाधीशों को सम्बंधित उच्च न्यायालयों के 'कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश' के रूप में नियुक्त किया है -
  - मनिंद्र मोहन श्रीवास्तव, न्यायाधीश, राजस्थान उच्च न्यायालय
  - चक्रधारी शरण सिंह, न्यायाधीश, पटना उच्च न्यायालय
  - एम.वी. मुरलीधरन, न्यायाधीश, मणिपुर उच्च न्यायालय

## 6 फरवरी

### *भारत ऊर्जा सप्ताह 2023*

- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने बेंगलुरु में भारत ऊर्जा सप्ताह (IEW) 2023 का उद्घाटन किया।
- भारत ऊर्जा सप्ताह 6 से 8 फरवरी तक आयोजित किया जा रहा है और इसका उद्देश्य ऊर्जा रुपांतरण महाशक्ति के रूप में भारत की बढ़ती शक्ति को प्रदर्शित करना है।
- इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री ने इंडियन ऑयल की 'अनबॉटल्ड' पहल के तहत यूनिफॉर्म लॉन्च की। ये यूनिफॉर्म पीईटी बोतलों के पुनर्चक्रण से बनी हैं। उन्होंने इंडियन ऑयल के इंडोर सोलर कुकिंग सिस्टम के ट्विन-कुकटॉप मॉडल का भी

### *लोकार्पण किया।*

- प्रधानमंत्री ने इथेनॉल सम्मिश्रण रोडमैप की तर्ज पर 11 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में तेल विपणन कंपनियों के 84 खुदरा दुकानों पर ई-20 ईंधन भी लॉन्च किया E 20 का मतलब है कि ईंधन में 20% इथेनॉल और 80% पेट्रोल है।
- उन्होंने ग्रीन मोबिलिटी रैली को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जिसमें हरित ऊर्जा स्रोतों पर चलने वाले वाहन भाग लेंगे और हरित ईंधन के लिए जन जागरूकता पैदा करने में मदद करेंगे।

## 7 फरवरी

### *तुमकुरु औद्योगिक टाउनशिप*

- वर्ष 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'गति शक्ति योजना' की शुरुआत की थी। इस योजना का मुख्य उद्देश्य देश में एक बुनियादी ढांचा पाइपलाइन को लागू करना है।
- इसके तहत, भारत सरकार ने 11 औद्योगिक गलियारों और दो रक्षा गलियारों को विकसित करने की योजना बनाई है।
- प्रधानमंत्री ने हाल में इस योजना के पहले औद्योगिक कॉरिडोर का शुभारंभ किया जिसे 'तुमकुरु इंडस्ट्रियल टाउनशिप' कहा जाता है। यह दक्षिण भारत में पहला औद्योगिक गलियारा है।
- राष्ट्रीय औद्योगिक कॉरिडोर विकास कार्यक्रम के तहत, तुमकुरु में तीन चरणों में 8484 एकड़ में फैले औद्योगिक टाउनशिप का विकास 'चेन्नई बेंगलुरु औद्योगिक कॉरिडोर' के हिस्से के रूप में किया गया है।

### *आईएनएस विक्रांत*

- विमानन परीक्षणों के अंतर्गत भारतीय नौसेना के परीक्षण पायलटों द्वारा 6 फरवरी 2023 को एलसीए (नौसेना) और मिग-29के की आईएनएस विक्रांत पर लैंडिंग की गई।
- 'आईएनएस विक्रांत' पहला स्वदेशी एयरक्राफ्ट कैरियर है और भारत द्वारा निर्मित अब तक का सबसे जटिल युद्धपोत है।
- इस जहाज को भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो द्वारा इन-हाउस डिजाइन किया गया है और मैसर्स कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा निर्मित किया गया है।

- यह जहाज 4 अगस्त 2021 को पहले समुद्री परीक्षणों के लिए रवाना हुआ था। इस कैरियर को भारतीय नौसेना में 2 सितंबर 2022 को कमीशन किया गया था।

***बृहस्पति (Jupiter) ग्रह***

- नवीनतम खोज से पता चला है कि बृहस्पति के 12 और चंद्रमा हैं। इसके साथ ही बृहस्पति के चंद्रमाओं की संख्या बढ़कर 92 हो गई है। अब बृहस्पति के चंद्रमाओं की संख्या सबसे अधिक हो गई है।
- बृहस्पति के चारों ओर 12 नए चंद्रमाओं की खोज स्मिथसोनियन एस्ट्रोफिजिकल ऑब्जर्वेटरी द्वारा की गई थी।
- खोजे गए 12 चंद्रमाओं में से 9 चंद्रमाओं को बृहस्पति की परिक्रमा करने में 550 दिन लगते हैं। इन नौ चंद्रमाओं की वक्री कक्षाएँ हैं। मतलब उनकी परिक्रमा की दिशा बृहस्पति के घूमने की दिशा के विपरीत है।

## 8 फरवरी

***'स्वराज' धारावाहिक***

- दूरदर्शन के राष्ट्रीय चौनल पर 11 फरवरी से दोपहर बाद एक बजे से शनिवार और रविवार को **'स्वराज'** धारावाहिक का प्रसारण किया जायेगा।
- गृह मंत्री अमित शाह ने इस श्रृखंला की पिछले वर्ष पांच अगस्त को शुरूआत की थी।
- स्वराज-भारत के स्वतंत्रता संग्राम की समग्र गाथा, **75 कडियों** का धारावाहिक है जो **15वीं** शताब्दी से भारत के स्वतंत्रता संग्राम के गौरवशाली इतिहास को दर्शाता है।
- यह धारावाहिक स्वतंत्रता सेनानियों और स्वतंत्रता संग्राम के गुमनाम नायकों के योगदान को प्रदर्शित करता है।

## 9 फरवरी

***मिशन अंत्योदय सर्वेक्षण (MAS) 2022-23***

- ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री 'गिरिराज सिंह' ने नई दिल्ली में 'मिशन अंत्योदय सर्वेक्षण 2022-23' का उद्‌घाटन किया।
- ग्रामीण विकास विभाग वर्ष 2017-18 से देश की सभी ग्राम पंचायतों में मिशन अंत्योदय सर्वेक्षण कर रहा है।
- इस सर्वेक्षण का उद्देश्य विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लोगों के जीवन और आजीविका में परिवर्तन के परिणामों का आकलन करना है।

***संगम युग***

- कीलाड़ी (Keeladi) तमिलनाडु में मदुरै शहर के पास स्थित एक गांव है। यह वैगई नदी के किनारे है। ASI ने 2014 में कीलाड़ी में अपनी खुदाई शुरू की थी।

***गोल्डन बुक अवार्ड्स - 2023***

- गोल्डन बुक अवार्ड्स असाधारण साहित्यिक कृतियों को मान्यता देते हैं। यह 'विंग्स पब्लिकेशन इंटरनेशनल' द्वारा प्रायोजित है।

***गोल्डन बुक अवार्ड्स 2023 कुछ प्रमुख के विजेता-***

- ❖ **जे. के. राउलिंग** - फैंटास्टिक बीस्ट्स: द सीक्रेट्स ऑफ डंबलडोर
- ❖ **गौर गोपाल दास** - एनर्जाइज योर माइंड : ए मोंक्स गाइड टू माइंडफुल लिविंग
- ❖ **दीपक चोपड़ा** - सफलता के सात आध्यात्मिक नियम
- ❖ **कमलेश पटेल** - द विजडम ब्रिज
- ❖ **जेफ किन्नी** - एक कायर बच्चे की डायरी: डाइपर ओवरलोड
- ❖ **अशनीर ग्रोवर** - दोगलापन: द हार्ड टूथ अबाउट लाइफ एंड स्टार्ट-अप्स
- ❖ **रस्किन बॉन्ड** - हाउ टू लिव योर लाइफ
- ❖ **नमिता थापर** - द डॉल्फिन एंड द शार्क: स्टोरीज ऑन एंटरप्रेन्योरशिप
- ❖ **स्नेह देसाई, सुनील तुलसियानी और ब्रायन ट्रेसी** - धन का परम रहस्य

## 10 फरवरी

***वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी***

- प्रधानमंत्री ने मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस में दो वंदे भारत ट्रेनों को झंडी दिखाकर रवाना किया। ये दो ट्रेनें हैं - मुंबई-सोलापुर वंदे भारत और मुंबई-साईनगर शिरडी वंदे भारत।
- उन्होंने मुंबई में दो सड़क परियोजनाओं - सांताक्रूज चेंबूर लिंक रोड और कुरार अंडरपास परियोजना, को भी राष्ट्र को समर्पित किया।
- मुंबई-साईनगर शिरडी वंदे भारत, देश की दसवीं वंदे भारत ट्रेन है।
- महाराष्ट्र में चार वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़िया हैं और यह देश का पहला राज्य भी है जहां दो अंतर-राज्यीय वंदे भारत रेल सेवाएं हैं।
- वंदे भारत रेलगाड़ियां भारत की पहली स्वदेशी सेमी हाई-स्पीड (गति-160 km/h) रेलगाड़ियां हैं।

***लिथियम निक्षेप***

- देश में पहली बार जम्मू संभाग के रियासी जिले में लिथियम के भंडार मिले हैं।
- नई दिल्ली में केंद्रीय भू-वैज्ञानिक प्रोग्रामिंग बोर्ड की 62वीं बैठक में केंद्रीय खान सचिव विवेक भारद्वाज ने जानकारी दी कि जम्मू-कश्मीर में लिथियम के भंडार का पता चला है।
- लिथियम एक दुर्लभ धातु है और इलेक्ट्रिक बैटरी के लिए विश्व में इसकी बहुत अधिक मांग है।
- इसका उपयोग कुछ गैर-रिचार्जेबल बैटरी में हृदय पेसमेकर, खिलौने और घड़ियों जैसी चीजों के लिए भी किया जाता है।
- वर्तमान में भारत लिथियम, निकल और कोबाल्ट के लिए आयात पर निर्भर है।